फर्द अहकाम
कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द, जिला राजसमन्द

श्री यशपाल सिंह निवासी के0ओ0 डां0 जयसिंह राठौड़, नसरानी सिनेमा के पीछे सरदारपुरा, जोधपुर

– अपीलांट

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार गढबोर

– रेस्पोण्डेंट

किस्म मुकदमा– अपील सूचना का अधिकार **पत्रावली संख्या 28/2019**

क्रमांक	कार्यवाहिक विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई

दिनांक 11.07.2019

पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अन्तर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार गढबोर से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार गढबोर को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय में भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया।

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार गढबोर द्वारा जरिये क्रमांकःभू.अ./सू.अ.अ.2005/2019/511 दिनांक 11.07.2019 से प्राप्त रिपोर्टानुसार अपीलकर्ता से प्राप्त आर्डर की राशि 1650/– रू का चैक तहसीलदार गढबोर के नाम का एस0बी0आई0 शाखा राजसमंद का दिनांक 20.06.2019 को प्राप्त हुआ जो उपकोष में प्रतिलिपी मद 0029 में जमा कराया जाकर चालान की प्रति पी–35 में चस्पा की जाकर प्रार्थी को प्रतिलिपी जरिये रजिस्टर्ड ऐ.डी. के दिनांक 21.06.2019 को भेजी गई। तत्पश्चात् प्रार्थी द्वारा दूरभाष पर सूचना प्राप्त होने बाबत् वार्तालाप भी की गई सूचना की प्रति श्रीमान् को भी प्रेषित की गई थी। बिन्दु संख्या 3 स्वीकार नहीं है। अपीलार्थी को सूचना राशि राजकोष में जमा होने के अगले दिन ही जरिये रजिस्टर्ड ऐ.डी. प्रेषित कर दी गई है। जो अपीलार्थी को प्राप्त भी हो चुकी है।

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार गढबोर की रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार गढबोर की रिपोर्टानुसार अपीलार्थी द्वारा राशि जमा कराने के अगले दिन ही तहसीलदार गढबोर द्वारा जरिये पत्रांक 452–453 दिनांक 21.06.2019 से अपीलार्थी को वांछित सूचना जरिये डाक से प्रेषित की जा चुकी है। उक्त वांछित सूचना अपीलार्थी को प्राप्त हो चुकी है। अतः उक्त अपील इसी स्टेज पर निर्णित की जाती है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार गढबोर को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नं0 से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर)राजसमन्द

कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द